## चीन में बिटकॉइन क्रिप्टोकरेन्सी का भंडाफोड़, 600 कंप्यूटर जब्त



**बीजिंग ,(आरएनएस)।** चीन के तियानजिन शहर में पुलिस ने बिटकॉइन क्रिप्टोकरेन्सी के एक बड़े रैकेट का भंडाफोड़ कर इस काम में इस्तेमाल किये जा रहे 600 कंप्यूटरों को जब्त किया है। चीन की समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने आज यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार स्थानीय पॉवर ग्रिड ऑपरेटर द्वारा असामान्य बिजली के इस्तेमाल की शिकायत के बाद पुलिस ने यह कार्रवाई की। पुलिस ने कंप्यूटरों के अलावा आठ उच्च क्षमता वाले पंखों को भी बरामद किया। पुलिस ने कहा है चीन में हाल के वर्षों में यह सबसे बड़ी बिजली चोरी का मामला है। तियानजिन बिटकॉइन मामले में पुलिस ने एक व्यक्ति को हिरासत में लिया है और पांच लोगों की जांच की जा रही है। चीन क्रिप्टोकरेन्सी के लिए सुरक्षित पनाहगाह माना जाता था लेकिन सरकार ने पिछले वर्ष जोरदार अभियानों को चलाकर इस क्रम में बिटकॉइन्स और दूसरी क्रिप्टो करेंसी के मामलों में कड़ी कार्रवाई की। बिटकॉइन्स के गोरखधंधे में हाई पॉवर मशीनों का इस्तेमाल होता है जिससे व्यापक कंप्यूटिंग के जरिए बिटकॉइन्स का उत्पादन किया जाता है। यह उत्पादन गणितीय समीकरणों के जरिए किया जाता है। इस काम में अधिक बिजली की आवश्यकता होती है। इसलिए इस गोरखधंधे में जुड़े लोग सस्ती बिजली की उपलब्धता वाली जगहों की तलाश में रहते हैं।

## बाजार की तेजी हुई हवा, सेंसेक्स 40 अंक टूटा, निफ्टी 10600 के करीब



**नई दिल्ली,(आरएनएस)।** खराब ग्लोबल संकेतों के चलते घरेलू बाजारों पर दबाव देखने को मिल रहा है। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स और निफ्टी में हल्की गिरावट के साथ कारोबार हो रहा है। निफ्टी 10,600 के पास है जबकि सेंसेक्स में 40 अंकों की गिरावट नजर आ रही है। फिलहाल, सेंसेक्स 37 अंकों की गिरावट के साथ 34,579 के स्तर पर कारोबार कर रहा है। वहीं, निफ्टी 13 अंक गिरकर 10,601 के स्तर पर कारोबार कर रहा है। मिडकैप में हल्का दबाव मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में भी हल्का दबाव दिख रहा है। बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0।2 फीसदी गिरा है, जबकि निफ्टी के मिडकैप 100 इंडेक्स में 0।15 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई है। बीएसई का स्मॉलकैप इंडेक्स 0।1 फीसदी लुढ़का है। बैंक निफ्टी 0।3 फीसदी की गिरावट के साथ 24,965 के स्तर पर कारोबार कर रहा है। आईटी शेयरों में खरीदारी बैंकिंग, मेटल, रियल्टी और पावर शेयरों में सबसे ज्यादा दबाव नजर आ रहा है। हालांकि, आईटी शेयरों में अच्छी खरीदारी देखने को मिल रही है। सिप्ला, गेल, एनटीपीसी, जी एंटरटेनमेंट, एचडीएफसी, कोटक महिंद्रा बैंक, डॉ रेड्डीज, एशियन पेंट्स और ओएनजीसी 1।5-0।7 फीसदी तक गिरे हैं। वहीं, भारती एयरटेल, विप्रो, बीपीसीएल, टेक महिंद्रा, यूपीएल, रिलायंस इंडस्ट्रीज, महिंद्रा एंड महिंद्रा और यस बैंक 3।1-0।6 फीसदी तक उछले हैं। मिडकैप शेयर भी लुढ़के मिडकैप शेयरों में टोरेंट पावर, मैक्स फाइनेंशियल, एबीबी इंडिया और रिलायंस इंफ्रा 1।4-0।9 फीसदी तक लुढ़के हैं। वहीं, ब्लू डार्ट, एम्फैसिस, मुथूट फाइनेंस, जिलेट इंडिया और गोदरेज इंडस्ट्रीज 2।75-1।25 फीसदी तक चढ़े हैं। स्मॉलकैप शेयरों में डीसीएम श्रीराम, भूषण स्टील, वक्रांगी, मेटालिस्ट फोर्जिंग्स और एमबीएल इंफ्रा 9।5-4।8 फीसदी तक टूटे हैं।

## शूटिंग वर्ल्ड कप: शहजार रिजवी ने सिल्वर जीतकर खोला भारत का खाता

नई दिल्ली ,25 अप्रैल (आरएनएस)। साउथ कोरिया के चांगवोन में चल रही वर्ल्ड कप शूटिंग में पहले दो दिन खाली हाथ रहने के बाद आखिरकार मंगलवार को भारत का मेडल का सूखा खत्म हुआ। विश्व रेकॉर्डधारी भारतीय शहजार रिजवी ने सिल्वर हासिल कर भारत के लिए 10 मीटर एयर पिस्टल इवेंट में देश के लिए पहला मेडल जीता। शहजार गोल्ड से बेहद ही कम अंतर से चूके। वहीं, जीतू राय और ओमप्रकाश मिथरवाल फाइनल के लिए चॉलिफाइ भी नहीं कर पाए। 0.2 पॉइंट से सोना चूके शहजार ने कड़े मुकाबले में 239.8 के स्कोर के साथ सिल्वर झटका, जबकि रूस के आर्तेम चेर्नोसोव ने 240 अंक के साथ गोल्ड मेडल जीता।

## भारतीय टेलीकॉम मार्किट में श्याओमी, जियो ने मारी बाजी

नई दिल्ली (आरएनएस)। श्याओमी 31.1 फीसदी बाजार हिस्सेदारी के साथ भारतीय स्मार्टफोन बाजार में सबसे आगे है। जबकि रिलायंस जियो ने 2018 की पहली तिमाही में 35.8 फीसदी हिस्सेदारी के साथ फीचर फोन बाजार में शीर्ष स्थान हासिल किया। एक नई रपट में यह जानकारी सामने आई है। साल 2017 की चौथी तिमाही में 25 फीसदी बाजार हिस्सेदारी के साथ श्याओमी बाजार में शीर्ष पर रही। काउंटरपॉइंट की मार्केट मॉनिटर सेवा के मुताबिक, स्मार्टफोन खंड में सैमसंग 26.2 फीसदी बाजार हिस्सेदारी के साथ दूसरे स्थान पर, जबकि वीवो 5.8 फीसदी बाजार हिस्सेदारी के साथ तीसरे स्थान पर है।फीचर फोन खंड में रिलायंस जियो फोन की बिक्री दोगुनी बढ़ी और देश में मोबाइल फोन की बिक्री (स्मार्टफोन और फीचर फोन दोनों) में साल 2018 की पहली तिमाही में 48 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई। शीर्ष पांच स्मार्टफोन ब्रांड में ऑनर (हुआवे) पहली बार शामिल हुई। ऑनर (146 फीसदी), श्याओमी (134 फीसदी) और वनप्लस (112 फीसदी) सबसे तेजी से बढ़ते स्मार्टफोन्स ब्रांड रहे। शोध विश्लेषक कर्ण चौहान ने एक बयान में कहा, 2018 की पहली तिमाही की शुरुआत में त्योहारी अवधि के बाद बिक्री में उतनी तेजी नहीं रही, जोकि समूची तिमाही में जारी रही। हालांकि हमें उम्मीद है कि 2018 की दूसरी तिमाही की शुरुआत से बिक्री में तेजी आएगी। क्योंकि ग्राहक अपने 2जी और 3जी स्मार्टफोन को तेजी से 4जी में अपग्रेड कर रहे हैं। यह पहली बार है कि किसी एक तिमाही में स्मार्टफोन बाजार की 70 फीसदी हिस्सेदारी शीर्ष पांच स्मार्टफोन ब्रांड्स की है। शोध विश्लेषक अंशिका जैन ने कहा, श्याओमी और सैमसंग के अकेले कुल



स्मार्टफोन बाजार का 58 फीसदी हिस्सा है। श्याओमी का रेडमी नोट 5 और 5 प्रो चीनी ब्रांड का सबसे प्रसिद्ध मॉडल हैं, जबकि सैमसंग का गैलेक्सी जे7 एनएक्सटी और जे2 (2017 मॉडल) कोरियाई ब्रांड का सबसे ज्यादा बिकनेवाले फोन हैं।


## राशिद खान की गुगली ने हार्दिक पंड्या को किया हैरान, एक दूसरे को देख मुस्कुराने लगे दोनों

**नई दिल्ली ,(आरएनएस)।** इंडियन प्रीमियर लीग में मंगलवार को सनराइजर्स हैदराबाद और मुंबई इंडियंस के बीच मैच हुआ, जिसे हैदराबाद ने छोटे से टारगेट के बावजूद जीत लिया। इस रोमांचक मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 118 रन बनाए थे। लग रहा था कि मुंबई आसानी से जीत जाएगी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ और उनकी हार का सिलसिला जारी रहा। मुंबई की टीम सभी विकेट खोकर सिर्फ 87 रन ही बना सकी। टेंशन भरे मुकाबले में एक पल ऐसा भी आया जब गेंदबाज और बल्लेबाज दोनों की हंसी छूट गई। दरअसल, सनराइजर्स हैदराबाद के लिए राशिद खान 14वां ओवर डालने आए थे ।

## ईडी की बड़ी कार्रवाई, कनिष्क गोल्ड की 48 करोड़ की संपत्ति जब्त की

**नई दिल्ली,(आरएनएस)।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने करोड़ों रुपये की बैंक धोखाधड़ी मामले में चल रही जांच के सिलसिले में चेन्नई स्थित कनिष्क गोल्ड प्राइवेट लिमिटेड और अन्य की करीब 48 करोड़ रुपये की संपत्तियों को जब्त किया है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। एजेंसी ने मनी लांडरिंग एक्ट (पीएमएलए) के तहत तमिलनाडु के पुक्कथुरई गांव में जमीन, भवन, कारखाना, पौधों और मशीनरी को जब्त किया।

ईडी ने केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा कनिष्क गोल्ड प्रा लि और अन्य के खिलाफ 21 मार्च को दर्ज की गई प्राथमिकी के



आधार पर मामले की जांच शुरू की थी। कनिष्क गोल्ड स्वर्ण आभूषणों का निर्माण और कारोबार करती है। कंपनी ने व्यापार के लिए भारतीय स्टेट बैंक समेत 14 बैंकों के कंसोंटियम से 824 करोड़ रुपये का ऋृण लिया था और लौटाया नहीं। कंपनी पर धोखाधड़ी का आरोप है।

## आईपीएल विज्ञापन मामले में एयरटेल से जवाब तलब

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) विज्ञापन को लेकर उसके पिछले आदेशों का उल्लंघन करने के मामले में प्रमुख टेलीकॉम कंपनी भारती एयरटेल से जवाब तलब किया। जस्टिस योगेश खन्ना ने यह जवाब रिलायंस जियो की याचिका पर मांगा। अदालत ने मामले की अगली सुनवाई 27 अप्रैल को मुकर्रर की हैअदालत ने पाया कि रिलायंस जियो द्वारा पेश किए गए विज्ञापनों के वीडियो और प्रिंट संस्करण में एयरटेल का विज्ञापन उसके 13 अप्रैल के आदेश का उल्लंघन कर रहा है। अदालत ने एयरटेल को उसके पिछले आदेशों का पालन करने भी का निर्देश दिया।

## नए अध्यादेश की शुरुआत नीरव मोदी व माल्या से कर सकता है ईडी, संपत्तियां कुर्क करने की तैयारी

**नई दिल्ली ,(आरएनएस)।** प्रवर्तन निदेशालय भगोड़े आर्थिक अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई के लिए नए अध्यादेश के कार्यान्वयन की शुरुआत विजय माल्या व नीरव मोदी जैसे लोगों के खिलाफ कर सकता है। निदेशालय ( ईडी ) भगोड़े आर्थिक अपराधियों के खिलाफ नये अध्यादेश के अधिसूचित होने के बाद माल्या व नीरव मोदी जैसे भगोड़ों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 15,000 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की संपत्तियों को कुर्क करने की तैयारी में है। निदेशालय के अधिकारियों ने बताया कि एजेंसी ने बड़े राशि के घोटालों से सम्बद्ध भगोड़े व बैंक कर्ज नहीं चुकाने वालों के मौजूदा मामलों को



एक साथ लाने पर काम शुरू किया है। निदेशालय जल्द ही इन लोगों के खिलाफ नये अध्यादेश के तहत आदेश जारी किए जाने के लिए विशेष मनी लांड्रिंग विरोधी अदालतों का दरवाजा खटखटाएगा। उन्होंने कहा कि पहले चरण में विजय माल्या , नीरव मोदी व उसके मामा मेहुल चौकसी , विनसम डायमंड कंपनी के प्रवर्तक जतिन मेहता तथा अन्य के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की उम्मीद है।

## (मुंबई)आईपीएल-11: घर में भी हार का क्रम नहीं तोड़ पाई मुंबई

मैन

**मुंबई ,(आरएनएस)।** मौजूदा विजेता मुंबई इंडियंस का खराब फॉर्म घर में भी जारी रहा और वह अपनी मेजबानी में भी हार के सिलसिले को नहीं तोड़ पाई। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 11वें संस्करण में मंगलवार को उसका मजबूत बल्लेबाजी क्रम सनराइजर्स हैदराबाद की बेहतरीन और नियंत्रित गेंदबाजी के सामने ताश के पत्तों की तरह ढह गया। हैदराबाद ने मुंबई को उसके घर में लो स्कोरिंग मैच में 31 रनों से करारी शिकस्त दी। मुंबई के गेंदबाजों ने हैदराबाद को 18.4 ओवरों में 118 रनों पर ढेर कर दिया, लेकिन उसके बल्लेबाज इस आसान लक्ष्य को भी हासिल नहीं कर पाए और तीन बार की यह विजेता टीम 18.5 ओवरों में 87 रनों पर ही सिमट गई। यह मुंबई का आईपीएल में सबसे कम स्कोर है। वह इस स्कोर पर दूसरी बार ऑल आउट हुई है। इससे पहले 10 मई 2011 को भी किंग्स इलेवन पंजाब ने मुंबई को 87 रनों पर ढेर कर दिया था। हैदराबाद के लिए सिद्धार्थ कौल ने शानदार गेंदबाजी की और चार ओवरों में सिर्फ 23 रन देकर तीन विकेट लिए। ऑफ द मैच राशिद खान बेहद किफायती साबित हुए। उन्होंने अपने कोटे के चार ओवरों में सिर्फ 11 रन खर्च किए और दो विकेट लिए। बासिल थम्पी ने 1.5 ओवरों में चार रन देकर दो सफलताएं हासिल कीं। संदीप शर्मा, मोहम्मद नबी, शाकिब अल हसन को एक-एक विकेट मिला। आसान से लक्ष्य का पीछा करने उतरी मुंबई का पहला विकेट 12 के कुल स्कोर पर इविन लुइस के रूप में गिरा।



## हरियाणा सरकार के कार्यक्रम का बहिष्कार करेंगे कॉमनवेल्थ गेम्स के मेडल विजेता

Gold Coast 2018
XXI Commonwealth Games
QUEENSLAND

**चंडीगढ़ ,(आरएनएस)।** कॉमनवेल्थ गेम्स में भारत का नाम रोशन करनेवाले हरियाणा के टॉप एथलीट्स ने राज्य सरकार द्वारा उनके स्वागत के लिए रखे गए एक कार्यक्रम में न जाने का फैसला किया है। इन खिलाड़ियों में नीरज चोपड़ा, मनोज कुमार, विनेश फोगाट, बजरंग पुनिया के नाम शामिल हैं। दरअसल, हरियाणा सरकार ने कॉमनवेल्थ गेम्स में मेडल जीतकर आए खिलाड़ियों को दी जानेवाले अवॉर्ड मनी में कटौती करने का मन बनाया है, जिससे खिलाड़ी नाराज हैं। हरियाणा सरकार की नीति के मुताबिक कॉमनवेल्थ में गोल्ड जीतनेवाले को सरकार 1.5 करोड़, सिल्वर विनर को 75 लाख और ब्रॉन्ज जीतनेवाले को 50 लाख रुपये देती है। लेकिन अब राज्य सरकार ने कहा है कि जो खिलाड़ी आर्मी या रेलवे में हैं उन्हें वहां से भी कैश प्राइस मिलता है। ऐसे में उन संस्थान से खिलाड़ियों को जितना पैसा मिलेगा उतने राज्य सरकार द्वारा दिए जानेवाले में से कट जाएगा।

## गूगल ने भारत में लांच किया जॉब सर्च टूल, ऐसे ढूंढे अपने लिए नौकरी

**नई दिल्ली ,(आरएनएस)।** आज के टफ कम्पटीशन दौर में जॉब ढूंढ पाना मुश्किल हो गया है। इसी बात को ध्यान में रखते हुए सर्च जायंट गूगल ने नए टूल को पेश किया है। गूगल द्वारा लांच किया गया गूगल जॉब सर्च टूल लोगों को जॉब ढूंढने में मदद करेगा। लोगों को जॉब ढूंढने में आसानी हो इसके लिए गूगल ने कई जॉब एजेंसियों से करार किया है। दिल्ली में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर गूगल इंडिया के वाइस प्रेसिडेंट राजन आनंदन ने इस बारे में जानकारी देते हुए कहा कि हमें पता है कि




लोग जॉब ढूंढने के लिए गूगल सर्च पर आते हैं और 2017 की चौथी तिमाही में गूगल पर जॉब सर्च चेरी में 45 फीसदी तक की बढ़ोतरी देखने को मिली है। लगातार बढ़ रहे जॉब सर्च के आंकड़ें छोटे एंटरप्राइज के विज्ञापनों को प्रभावी तरीके से पेश नहीं कर पाता, लेकिन नया टूल इसमें उनकी मदद करेगा। गूगल सर्च इंजीनियरिंग टीम के अचिंत श्रीवास्तव के मुताबिक चाहे फ्रेशर हों या फिर अनुभवी किसी के लिए भी सही जॉब ढूंढना चैलेंजिंग हो सकता है और नई सर्विस से नियोक्ताओं के लिए जॉब पोस्ट करना आसान होगा।

## बॉल टेम्परिंग पर बोले क्लार्क, ऑस्ट्रेलिया को जल्द ही फिर से खड़ी करनी होगी टीम



**मुंबई ,(आरएनएस)।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान माइकल क्लार्क ने कहा कि स्टीव स्मिथ और डेविड वार्नर पर एक साल तथा और कैमरन बैनक्रोफ्ट पर नौ महीने का प्रतिबंध लगने के बाद ऑस्ट्रेलिया को भारत के खिलाफ सीरीज से पहले टीम का पुनर्गठन करना होगा. दक्षिण अफ्रीका दौरे पर तीनों क्रिकेटरों को 'बॉल टेम्परिंग' का दोषी पाये जाने के बाद प्रतिबंधित किया गया था. क्लार्क ने कहा, ''जो भी हुआ उससे ऑस्ट्रेलिया की टीम फिलहाल दबाव में है. उन्हें अपनी टीम को बनाने के लिए काम करना चाहिए. टीम कैसी होगी इस पर उन्हें काम करना होगा और जल्द ही पुनर्गठन करना होगा. यह बहुत बड़ी सीरीज होगी, क्योंकि हम ऑस्ट्रेलिया में भारत से कभी नहीं हारे.'' क्लार्क ने कहा कि अगर भारतीय टीम वहां जीतती है तो वह नहीं चाहेंगे कि इस बात पर चर्चा हो कि खिलाड़ियों पर प्रतिबंध के कारण ऑस्ट्रेलिया की टीम मजबूत नहीं थी. उन्होंने कहा, ''इसमें कोई शक नहीं कि स्मिथ, वार्नर और बेनक्रोफ्ट को खोने से ऑस्ट्रेलिया को झटका लगा है. लेकिन मैं नहीं चाहूंगा की वहां भारतीय सफलता को लोग इस बात से जोड़कर देखें , यह भारतीय टीम के साथ न्याय नहीं होगा. भारत की टीम अच्छी है और व्यक्तिगत तौर पर खिलाड़ियों ने ऑस्ट्रेलिया में सफलता हासिल की है. वह वहां के हालात को अच्छे से जानते हैं.'' क्लार्क के अलावा ऑस्ट्रेलियाई दिग्गज और पूर्व गेंदबाज ज्योफ लासन का मानना है कि अगर क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया गेंद से छेड़छाड़ प्रकरण में पूर्व कप्तान स्टीव स्मिथ पर लगा एक साल का प्रतिबंध कम भी कर देता है तो भी संभावना है कि यह दागी खिलाड़ी प्रतिबंध पूरा करेगा. लासनने कहा, ''सीए ने प्रतिबंध पर फैसला किया है और वे इस पर कायम रहेंगे. अगर उन्होंने इसमें बदलाव भी किया तो भी मुझे नहीं लगता कि वह (स्मिथ) इसे बदलेगा. उसने कहा था कि वह इसका हकदार है, 12 महीने के समय में आगे बढ़ते हैं.''यह है पूरा मामला दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया के बीच केपटाउन में तीसरे टेस्ट मैच के तीसरे दिन जब अफ्रीकी पारी का 43वां ओवर चल रहा था और मार्करम और एबी डिविलियर्स खेल रहे थे, उसी समय ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज बैनक्रॉफ्ट एक चिप जैसी चीज के साथ कैमरे पर पकड़े गए. कहा गया कि ये गेंद की चमक उड़ाने वाली चिप है. इसे उन्होंने गेंद पर घिसा. हालांकि, मैदानी अंपायरों ने इस बारे में उनसे बातचीत की. अंपायरों के पास जाने से पहले बैनक्राफ्ट को अपने अंतःवस्त्र में छोटी सी पीली चीज रखते हुए देखा गया था. जब अंपायर उनसे बात करने के लिए पहुंचे तो उन्होंने पैंट की जेब में हाथ डालकर दिखाया और यह कोई दूसरी चीज थी. वह धूप के चश्मे को साफ करने के लिए मुलायम कपड़े जैसा लग रहा था स्टीव स्मिथ ने स्वीकार की थी गलती।